आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 18.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा – पर्यावरण जीवन का मूल है और हर व्यक्ति को इसके लिए संवेदनशील होना पड़ेगा।
- लोकसभा में विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण विधेयक 2025 पारित हुआ।
- प्रदेश में कल और परसों चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- जवाहर कला केन्द्र में सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का शुभारंभ।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण जीवन का मूल है और हर व्यक्ति को इसके लिए संवेदनशील होना पड़ेगा। श्री शर्मा आज जयपुर में हरियालो राजस्थान पर्यावरण कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, ऐसे में इसे सुरक्षित रखना सबकी साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी घर से शुरू होती है। श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना संस्कृति का हिस्सा रहा है। इसलिए पर्यावरण बचाने के लिए हमे अपने पूर्वजों से सीखना चाहिए। श्री शर्मा ने गिरते भूजल स्तर पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि पानी को बचाना भी सभी की जिम्मेदारी है और जल की एक–ृएक बूंद का सदुपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विषय पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

000

लोकसभा ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण विधेयक 2025 पारित कर दिया है। इस विधेयक का मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरुप गांव का समग्र विकास करना है। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है, वहीं नए विधेयक में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

000

इस विधेयक के पारित होने पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह योजना गरीबों को सशक्त बनाने और गांवों तथा शहरों के बीच के अंतर को पाटने के उद्देश्य से लाई गई है।

0000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं और वर्तमान में यह देश के 99 दशमलव नौ प्रतिशत जिलों में उपलब्ध है। आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्र शेखर ने बताया कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने देश भर के एक लाख से अधिक गांवों में 5जी बेस ट्रांससीवर स्टेशन स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या में 241 करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है।

000

राजस्थान में कल और परसों चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर और जोधपुर पीठ में कल दोपहर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ होगा। इसके बाद शनिवार को प्रदेश की सभी निचली अदालतों, उपभोक्ता आयोगों और प्रशासनिक अधिकरणों में लोक अदालतें लगाई जाएंगी।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि के अनुसार, इस बार आपसी सहमति से मामलों के निस्तारण के लिए प्रदेश भर में 472 बेंचों का गठन किया गया है। अब तक 11 लाख से

अधिक प्री–लिटिगेशन और लंबित प्रकरण सुनवाई के लिए चिन्हित किए जा चुके हैं। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से सुनवाई की सुविधा दी गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की विविधता, इसकी संस्कृति का मजबूत आधार है। प्रधानमंत्री आज ओमान की यात्रा के दूसरे दिन मस्कत में मैत्री पर्व कार्यक्रम में भारतीय समुदाय और छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी सह–अस्तित्व और सहयोग का जीता जागता उदाहरण हैं। ओमान में भारतीय शिक्षा प्रणाली के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'मैत्री पर्व' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ने मैत्री पर्व को समुद्री विरासत, आकांक्षाओं, नवाचार, विश्वास, प्रौद्योगिकी, सम्मान और समावेशी विकास के रूप में वर्णित किया है। उन्होंने कहा कि मैत्री पर्व दोनों देशों की मित्रता, उनके साझा इतिहास और समृद्ध भविष्य का उत्सव है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जवाहर कला केन्द्र में सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने देश–प्रदेश की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और उनके हुनर की प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने लखपति दीदी और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से आत्मीयता के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। जिससे ग्रामीण व्यवस्था का विस्तार हो रहा है। वे अपना घर संभालने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरस मेला इस बात का प्रमाण है कि जब सही नीति, सशक्त संस्थागत ढांचा और प्रभावी क्रियान्वयन एक साथ आते हैं तो ग्रामीण महिलाओं के जीवन में स्थायी और समावेशी परिवर्तन संभव होता है। यह मेला आत्मनिर्भर राजस्थान–आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का प्रतीक भी है। आगामी 4 जनवरी तक चलने वाले सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले में ग्रामीण भारत की समृद्ध परंपराओं, शिल्प कौशल और कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस मेले में राजस्थान सहित 24 राज्यों की लगभग 300 स्टॉल्स लगाई गई हैं। इनमें देश के विभिन्न हिस्सों की ग्रामीण परंपरा, लोक कला, लोक शिल्प, वस्त्र परंपराएं, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जा रही है।

000

राज्य सरकार की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में **'मिशन लाइफ'** अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाल कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया गया। डूंगरपुर में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बीजारोपण कर पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का शुभारंभ किया। वहीं अलवर और भीलवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और आमजन ने सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी ली। बाड़मेर और पाली के सुमेरपुर में विकास रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

000

अलवर जिले में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे पर बीती रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मृत्यु हो गई। हादसा रैणी थाना क्षेत्र के पास हुआ, जहाँ हरियाणा के झज्जर से मध्यप्रदेश जा रही एक पिकअप किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिसके बाद पिकअप में आग लग गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है।

000

फलौदी में होने वाले 'कुरजां महोत्सव' के पोस्टर का आज ज़िला कलेक्टर ने विमोचन किया। यह महोत्सव 26 और 27 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 25 दिसंबर को फलोदी दुर्ग में दीपदान और रोशनी के साथ होगी। महोत्सव के दौरान हस्तशिल्प प्रदर्शनी, कैमल डांस और मल्ला श्री जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो, अजमेर की ओर से डीडवाना–कुचामन जिले के मौलासर में आज दो दिन की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने **वंदे मातरम की पुकार, श्रमिक सुरक्षा का विस्तार** विषय पर आधारित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवाओं और किसानों से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और नई श्रम संहिताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के

विजेताओं और लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। डाक विभाग कल इसमें आधार अपडेशन की सुविधा भी उपलब्ध करायेगा।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने एक आदेश जारी कर डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलगुरू नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राज्य सरकार के परामर्श के बाद की गई है। आदेश के अनुसार, डॉ. दुबे का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 साल अथवा 70 वर्ष की आयु में से जो भी पहले हो तक के लिये प्रभारी होगा।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से कामाख्या देवी के लिए विशेष ट्रेन रवाना हुई। नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ और देवस्थान विभाग के अधिकारियों ने यात्रियों को माला पहनाकर विदा किया। इस यात्रा में डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों के 170 तीर्थयात्री शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य देखभाल के लिए ट्रेन में सरकारी कार्मिकों के साथ डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी तैनात किया गया है।

000